# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

**सूचना क्रमांक 01/02/परीक्षा/2016 दिनांक 26.05.2016**

## राज्य सेवा परीक्षा 2016

## परीक्षा हेतु वर्जित वस्तुओं की सूचना

01 मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा 2016 का विज्ञापन क्रमांक 02/परीक्षा/2016 दिनांक 17.03.2016 जारी किया गया था। उक्त विज्ञापन के संदर्भ में राज्य सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा दिनांक 31.05.2016 को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर आयोजित की जा रही है

02 उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की परीक्षा पूर्व सघन जांच की जाएगी। इस हेतु अभ्यर्थियों की सूचना हेतु वर्जित वस्तुओं की जानकारी निम्नानुसार प्रकाशित की जा रही है :-

**वर्जित वस्तुएं:-**

**परीक्षा हेतु वर्जित वस्तुयें**

परीक्षा कक्ष में जूते-मोजे पहनकर प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षार्थी चप्पल व सेण्डल पहनकर आ सकते हैं। चेहरे को ढककर परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा। एसेसरीज़ जैसे बालों को बांधने का क्लचर/ बक्कल, घड़ी, हाथ में पहने जाने वाले किसी भी प्रकार के बैंड, कमर में पहने जाने वाले बेल्ट, धूप में पहने जाने वाले चश्में, पर्स/वालेट, टोपी वर्जित है।

सिर, नाक, कान, गला, हाथ-पैर, कमर आदि में पहने जाने वाले सभी प्रकार के आभूषण तथा हाथ में बंधे धागे/ कलावा/ रक्षा सूत्र आदि का सूक्ष्मता से परीक्षण किया जायेगा एवं वीक्षकों द्वारा परीक्षार्थी के कक्ष में जाने के पूर्व तलाशी ली जाएगी।

03 अभ्यर्थी कृपया उक्त अनुदेशों का अनुपालन करें तथा परीक्षा में सम्मिलित होते समय पैरा-2 में उल्लेखित वस्तुएं धारण न करें।

सचिव